सार-समाचार

पेट की नस की सफल एंजियोप्लास्टी

उदयपुर, (कासं)। पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, पिम्स हॉस्पिटल, उमरडा के कॉर्डियोलॉजी डिपार्टमेंट में चिकित्सकों ने एक मरीज के पेट की नस की सफल एंजियोप्लास्टी की है। चेयरमैन आशीष अग्रवाल ने बताया कि गत दिनों 52 वर्षीय रोगी को पेट में दर्द के चलते पिम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया । सिटी स्कैन करने पर पता चला कि मरीज के पेट की एक नस जिसे सुपीरियर मेसेंटेरिक आर्टरी कहते हैं उसमें 99 प्रतिशत का ब्लॉकेज है। उसके बाद मरीज को कॉर्डियोलॉजी डिपार्टमेंट में सीनियर कंसलटेंटएंड इंटरवेंशनल कॉर्डियोलॉजिस्ट डॉ. महेश जैन और उनकी टीम ने मरीज की सफल एंजियोप्लास्टी कर के सुपीरियर मेसेंटेरिक आर्टरी में स्टेंट लगाया और मरीज को बीमारी से निजात दिलाई जिसमें कार्डिक एनेस्थिसिया डॉ. विपिन सिसोदिया एवं सर्जन डॉ. विवेक रावत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।सीनियर कॉर्डियोलॉजिस्ट डॉ. महेश जैन ने बताया कि इस तरह के मामले में अधिकतर मरीज के पेट में तेज दर्द होना, पेट का गेंगरीन होने की समस्या होती है। खाने के बाद पेट दर्द बढ जाता है। इसका उपचार बहुत जरूरी है। इसके बिना आंतों का गेंगरीन होकर मरीज की जान को खतरा हो सकता है।

परिंडा अभियान का शुभारंभ

राजसमंद, ०(निसं)। गर्मी के मौसम में भीषण ताप और जल संकट का सबसे अधिक प्रभाव न केवल इंसानों पर, बल्कि निरीह पक्षियों पर भी पडता हैं। पक्षियों को पानी की अत्यधिक आवश्यकता होती हैं, लेकिन ग्रीष्म ऋतु में जल स्त्रोतों में पानी की कमी के कारण उन्हें पीने के लिए स्वच्छ जल मिलना मुश्किल हो जाता हैं। ऐसे में परिंडे (जल पात्र) पक्षियों के लिए जीवनरक्षक सिद्ध होते हैं। ये न केवल उन्हें प्यास बुझाने का जरिया देते हैं, बल्कि गर्मी के दौरान उनके शरीर के ताप को संतुलित रखने में भी मदद करते हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने अब परिंडा अभियान शुरू किया है। मंगलवार को जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने कलेक्ट्रेट में परिंडे बांधकर और उनमें पक्षियों के लिए जल भरकर अभियान की शुरुआत की। एडीएम नरेश बुनकर, सीईओ बृजमोहन बैरवा सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस दौरान सभी कार्मिकों और कलेक्ट्रेट पहुंचे आम नागरिकों को भी परिंडे वितरित किए गए। ये परिंडे जिले के प्रख्यात पक्षीप्रेमी कृष्ण गोपाल गुर्जर द्वारा बनाए गए थे। वर्षों से गुर्जर द्वारा किए जा रहे इस पावन कार्य के लिए कलक्टर ने उपरना ओढाकर उनका सम्मान भी किया। इस दौरान एडीएम नरेश बुनकर, जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, नगर परिषद आयुक्त बृजेश राय, सहयोगी देवांगभाई (मुंबई), आशीष संघवी (मुंबई), सीडीईओ मुकुट बिहारी शर्मा, डीईओ प्रारंभिक राजेन्द्र गग्गड, डीईओ माध्यमिक नूतन प्रकाश जोशी आदि उपस्थित थे।

तापमान 42 डिग्री पार

उदयपुर, (कासं)। मई-जून की झुलसाती गर्मी का अहसास इस बार अप्रेल करवा रही है वहीं हीट वेव के लगातार असर के चलते तापमान 42 डिग्री को पार कर गया हालांकि न्यूनतम तापमान में कमी हुई है लेकिन दिन की गर्मी ने बीते कई सालों के रिकॉर्ड तोड़ दिए है। शहर का तापमान मंगलवार को 42.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। अमूमन उदयपुर शहर में 42 डिग्री से ऊपर तापमान मई-जून की भीषण गर्मी में दर्ज किया जाता है। प्रदेश में चल रही हीट वेव के अलर्ट शहरों में शामिल उदयपुर शहर में इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है। भरी दुपहरी में धूप सीधी शरीर पर चिपक रही है। मौसम विभाग डबोक से मिली जानकारी के अनुसार शहर का अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री व न्यूनतम तापमान 24.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। जो सोमवार को क्रमशः 41.9 व 26.6 डिग्री था। शहर में गर्म थपेड़ों से तेज हुई गर्मी अपना पूरा असर दिखा रही है। इधर, प्रदेश में कई शहरों में हुई बारिश के चलते एक-दो दिन में मौसम में हल्का बदलाव के साथ तापमान में कमी व हीट वेव का असर कम हो सकता है।

1434 मैट्रिक टन खनिज जब्त

उदयपुर, (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर प्रदेश भर में अवैध खनन के विरूद्ध अभियान जारी है। उदयपुर जिले में जिला कलक्टर नमित मेहता तथा पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशन में उपखण्ड स्तर पर गठित टीमों के माध्यम से लगातार कार्यवाही की जा रही है। खनि अभियंता आसिफ अंसारी ने बताया कि अवैध खनन/निर्गमन/भण्डारण के विरूद्ध जिला प्रशासन, पुलिस, परिवहन एवं खान विभाग का संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अवैध खनन/परिवहन के खिलाफ कार्यवाही की गई। अभियान के तहत अब तक अवैध खनन के 2 प्रकरण, अवैध निर्गमन के 40 प्रकरण एवं अवैध भण्डारण के 7 प्रकरण सहित कुल 68 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इसमें कुल 1434 मैट्रिक टन खनिज जब्त किया गया एवं अवैध खनन की 8.97 लाख रूपए शास्ती वसूल की गई है।

आग से 40 बकरियों की मौत

भीम, (निसं)। पुलिस थाना क्षेत्र के पावटीया गांव में बकरियों के बाडे में आग लगने से 40 बकरियां जिंदा जलकर मर गई। पावटिया निवासी पोकरसिंह पिता गोकुल सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि 7 अप्रैल को वह अपने पिता की अस्थियां विसर्जन के लिए पुष्कर गए हुए थे । उसके बाडे में 40 बकरियों को बंद कर गए थे। सोमवार दोपहर को अज्ञात बदमाशों द्वारा बाडे में आग लगाने से 40 बकरियां जल गई जिसे बकरियों की मौत हो गई।

विधायक ने पटेल सर्कल फ्लाई ओवर का किया निरीक्षण

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन और ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा ने मंगलवार को पारस तिराहे पर यूडीए अधिकारियों के साथ यूडीए की ओर से बनाए जा रहे फ्लाई ओवर के काम का निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों विधायकों ने यूडीए के अधिकारियों से इस निर्माणाधीन फ्लाई ओवर की पूरी जानकारी ली और यहां पर फ्लाई के साथ-साथ पटेल सर्कल से पहले बनने वाले अण्डर पास की भी जानकारी ली।

पारस तिराहे पर बजट घोषणा के अनुरूप यूडीए की ओर से फ्लाई ओवर का निर्माण करवाया जा रहा है। पिछले कई माह से चल रहे इस फ्लाई ओवर के काम को देखने और कहां पर पिलर आएगा और कहां पर रिटर्निंग वॉल

■ **आधा किमी लंबा बनेगा फ्लाईओवर, पटेल सर्कल पर बनेगा अंडरपास**

बनेगी इस बारे में जानकारी लेने के लिए विधायक ताराचंद जैन और उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा भाजपा नेताओं और जनप्रतिनिधियों के साथ मौके पर गए। दोनों विधायकों ने फ्लाई ओवर के काम का निरीक्षण करने से पहले मीरा कलां मंदिर के बाहर निर्माणाधीन कंपनी के अस्थाई ऑफिस में जाकर फ्लाई ओवर की डिजाईन देखी। यहां पर यूडीए के अतिरिक्त मुख्य अभियंता संजीव शर्मा और अधीक्षण अभियंता अनित माथुर ने दोनों विधायको को फ्लाई ओवर की डिजाईन के बारे में समझाया। करीब आधा घंटे तक नक्शे में डिजाईन देखने के बाद दोनों विधायकों ने भाजपा नेताओं और यूडीए

उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन और ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा ने फ्लाई ओवर के काम का निरीक्षण किया।

अधिकारियों के साथ निर्माणाधीन फ्लाई ओवर की साईड पर जाकर चल रहे काम को देखा और अधिकारियों से चर्चा की। दोनों विधायकों ने करीब पौन घंटे तक पारस तिराहे पर दोनों ओर चल रहे फ्लाई ओवर के काम को देखा और अधिकारियों से सवाल-जवाब किए।

इस दौरान उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा, सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर, शहर जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह, निवर्तमान उप महापौर पारस सिंघवी, मण्डल अध्यक्ष अमृतलाल मेनारिया, महेश पुरी गोस्वामी मुकेश शर्मा, निवर्तमान निगम समिति अध्यक्ष महेश त्रिवेदी, चन्द्रकला बोल्या, देवेन्द्र साहू, भंवर सिंह, भाजपा नेता दीपक बोल्या, विजय प्रजापत, जयंत ओझा सहित कई भाजपा नेता के साथ-साथ यूडीए के अतिरिक्त मुख्य अभियंता संजीव शर्मा, अधीक्षक अभियंता अनित माथुर, अधिशाषी अभियंता विजय पटेल, सहायक अभियंता महेन्द्र बर्फा उपस्थित थे।

इस फ्लाई ओवर के साथ-साथ पटेल सर्कल से पहले एक अण्डर पास भी बनाया जाएगा जो इस फ्लाई ओवर की डिजाईन में शामिल है। यह अण्डर पास फ्लाई ओवर के समाप्त होने के करीब 130 फीट बाद बनेगा। यह फ्लाई ओवर और अण्डर पास 42.30 करोड रूपए की लागत से बनेगा और यह फ्लाई ओवर करीब 52० मीटर लम्बा होगा, जो सेक्टर 11 के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से करीब 40 फीट आगे से शुरू होगा जो पारस तिराहे को पार करता हुआ टैक्स भवन और विद्युत विभाग की दीवार के सेंटर में जाकर उतरेगा, जिससे गोवर्धनविलास की ओर से आने वाले और उदियापोल की ओर जाने वाले वाहन चालकों सुगमता रहेगी। दिसम्बर 2026 तक प्रस्तावित यह फ्लाई ओवर करीब 12 मीटर चौडा होगा, जिसमें टू लेन बनेगी। इसमें आसानी से बडे वाहन भी आ जा सकेंगे और पारस तिराहे पर लगने वाला जाम समाप्त हो जाएगा। निरीक्षण के दौरान वहां पर मौजूद दोनों विधायकों ने यूडीए के अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि हाउसिंग बोर्ड के बाहर बैठे सब्जी और फल विक्रेताओं को यहां से हटाया जाए।

सार-समाचार

साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

डूंगरपुर, (निसं)। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने गर्मी के मौसम में बढते तापमान के मद्देनजर हीट वेव की संभावना को ध्यान में रखते हुए पूर्व से ही तैयारी रखने हेतु चिकित्सा विभाग, पेयजल विभाग तथा संबंधित विभागों को निर्देशित किया है। उन्होंने निर्देश मंगलवार को जिला परिषद के ईडीपी सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक के दौरान दिए। उन्होंने चिकित्सा विभाग को जिला मुख्यालय तथा जिले की बडी सीएचसी पर मॉक ड्रिल हेतु निर्देश दिए। इसके साथ ही चिकित्सालय में समुचित प्रबंध करने के लिए भी निर्देशित किया। चिकित्सालयों में उपलब्ध कूलर, पंखे एवं एसी कार्यरत स्थिति में होने तथा खराब होने की स्थिति में शीघ्र मरम्मत करवाना सुनिश्चित करते हुए रिपोर्ट करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने पीएचईडी विभाग को पेयजल वितरण, आवश्यक होने पर टैंकर व्यवस्था, समर प्लान, सभी हेडपंप दुरुस्त करवाने तथा कार्यरत स्थिति में होने हेतु पाबंद किया। सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा प्रगति रत कार्यों, मरम्मत कार्यों की जानकारी दी। जिला कलक्टर ने साबेला तालाब के पास चौराहे पर स्थित गड्ढे को सही करने के निर्देश दिए। बैठक में कृषि विभाग द्वारा मिनी किड्स वितरण, पशुपालन विभाग द्वारा मंगला पशु बीमा योजना, वन विभाग द्वारा हरियालो राजस्थान, शिक्षा विभाग द्वारा अपार आईडी अपडेशन के बारे में जानकारी दी गई। जिला कलक्टर सिंह ने विभागों को दिए गए लक्ष्य के अनुसार पौधारोपण हेतु स्थान चिन्हित करने, शिक्षा विभाग द्वारा जिन ब्लॉक में अपार आईडी अपडेशन में तकनीकी समस्याएं आ रही है वहां पर शिविर लगाकर समाधान करने, खरीद केंद्र का मौका मुआयना करने, राजीविका में जिन बैंक में खाता खोलने में तकनीकी समस्या आ रही है, उस पर फोकस करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए।

लेखक शर्मा को दी अंतिम विदाई

उदयपुर, (कासं)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व जिला कार्यवाह, इतिहासकार, शिक्षाविद्, लेखक नारायण लाल शर्मा को मंगलवार को उनके परिजनों,मित्रों, शुभचिंतकों,संघ व भाजपा पदाधिकारियों ने अंतिम विदाई दी। 84 वर्षीय शर्मा का निधन मंगलवार को प्रातः हो गया था,वे विगत दिनों से अस्वस्थ थे संघ के तृतीय वर्ष शिक्षित स्वयंसेवक होने के साथ वे अनेक वर्षों तक संघ शिक्षा वर्गों में बौद्धिक विभाग प्रमुख रहे। 1962 से 1966 तक कोटपुतली राजकीय महाविद्यालय में प्राध्यापक थे। शर्मा में विचारधारा व राष्ट्र वाद की भावना प्रबल थी,उन्होंने महाविद्यालय राजकीय सेवा छोडकर उदयपुर में विद्या निकेतन में सामान्य अध्यापक बने। उन्होंने जीवनभर अध्यापक के रुप में सेवायें दी। अध्यापक के रुप में उनका सम्पर्क न केवल विद्यार्थियों से अपितु उनके अभिभावकों से भी रहता था। वे आदर्श शिक्षक रहे। आज उनकी अंतिम यात्रा उनके शिवाजी नगर आवास से आरंभ होकर अशोक नगर स्थित श्मशानघाट पहूची,जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। आलोक संस्थान के पूर्व छात्रों ने यहां गुरुमंत्र से वंदना करके उनके श्रद्धांजलि अर्पित की, वही वेद मंत्रों के साथ उनकी पार्थिव देह अग्नि को समर्पित की गयी।।अंतिम यात्रा में विधायक ताराचंद जैन, फूलसिंह मीणा,पूर्व विधायक धर्मनारायण जोशी सहित आदि उपस्थित थे।

चैत्र नवपद ओली की धूम जारी

डूंगरपुर, (निसं)। चैत्र नवपद ओली के पांचवें दिन साधुपद की आराधना की गई। पांचवे दिन राजा श्रीपाल व मैना सुंदरी के चारित्र जीवन पर प्रकाश डाला। इससे पूर्व नेमिनाथ मंदिर व संभवनाथ जिनालय में धर्मपे मियों ने स्नात्र पूजा, भगवान का दुग्धाभिषेक, फूल पूजा, केसर पूजा आदि के कार्यक्रम संपादित किए। इसके पश्चात् नवपद ओली की क्रिया के तहत 27 गुण, 27 काउसग्ग, 27 प्रदक्षिण सहित विभिन्न धार्मिक क्रियाएं हुई।

नकदी व मोबाइल लूटा

उदयपुर, (कासं)। शहर के नाई थाना क्षैत्र में बाइक सवार तीन बदमाश पीडित के साथ मारपीट कर नकदी व मोबाईल लूट ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित नानालाल नागदा पुत्र अम्बालाल नागदा निवासी बुझडा लक्ष्मीनारायण कॉलोनी मार्ग नाई ने बाइक सवार तीन बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि मैं पेट्रोल पंप पर सेल्समैन का काम करता हूं। 6 अप्रेल रात में बाइक पर रामपुरा से घर लौट रहा था। जहां बीच रास्ते सीसारमा बुझड़ा रोड़ पर पीछे से बाइक पर सवार तीन बदमाश आए जिन्होंने मुझे मारपीट की। इस पर बाइक रोकने पर बदमाश मेरे साथ मारपीट कर 3 हजार रूपये नकदी व मोबाईल लूट ले गए। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच एएसआई अमीन खान को सौंपी।

जॉब फेयर में 200 से अधिक युवा लाभान्वित

उदयपुर, (कासं)। हिन्दुस्तान जिंक़ द्वारा संचालित जिंक कौशल उदयपुर द्वारा जॉब फेयर का आयोजन किया, जिसमें बीपीओ, पर्यटन एवं आतिथ्य, माइक्रोफाइनेंस और बैंकिंग जैसे क्षेत्रों के 30 नियोक्ता एक साथ आए। जॉब फेयर में एचडीएफसी बैंक, सज्जन पैलेस, अन्नपूर्णा फाइनेंस, आर्कगेट, रिलायंस रिटेल, पैरेलल होटल्स और कई अन्य कंपनियों ने भाग लिया। इस जॉब फेयर में उदयपुर, दरीबा और जावर क्षेत्र के 200 से अधिक प्रशिक्षुओं ने भाग लिया, जिससे उन्हें करियर के अवसर प्राप्त हुए।

जॉब फेयर में युवाओं के लिए एक विशेष सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें हिन्दुस्तान जिंक़ की हेल्थ एण्ड फिटनेस ब्रांड एंबेसडर सूफिया सूफी भी शामिल थीं। अल्ट्रामैराथन रनर और यूथ आइकन सूफिया ने अपनी दृढ़ता और जुनून की यात्रा को साझा कर उपस्थित लोगों को प्रेरित किया, उन्हें बड़े सपने देखने और अपने लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उनके प्रेरक संबोधन ने युवा उम्मीदवारों को गहराई से प्रभावित किया। इस फेयर ने कौशल आधारित नियुक्ति को सफलतापूर्वक सुगम बनाया तथा जिंक़ कौषल केन्द्र के साथ साझेदारी और सहयोग को मजबूत किया। इसके अलावा, नियोक्ताओं और जिंक़ कौषल केन्द्र की टीम के बीच चर्चा में उद्योग कौशल आवश्यकताओं और बेरोजगारी की दूरी को दूर करने की रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित किया गया। नियोक्ताओं ने उद्योग-संबंधित कौशल पर अपने विचार प्रस्तुत किये। हाल ही में जिंक कौशल केन्द्र ने रोजगार मेले का आयोजन कर उदयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ और राजसमंद के लगभग 500 ग्रामीण युवाओं को रोजगार दिलाने में सहायता की। हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की प्रमुख कौशल विकास पहल जिंक कौशल केंद्र ने 40 प्रतिषत महिलाओं सहित 7 हजार से अधिक ग्रामीण युवाओं को बाजार-प्रासंगिक कौशल प्रदान कर प्रदेष और देष में रोजगार प्राप्त करने में मदद की है।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

उदयपुर, (कासं)। अलवर में भाजपा नेता व पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा द्वारा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को लेकर दिए गए बयान पर शहर व देहात कांग्रेस की ओर से मंगलवार को उदयपुर कलेक्ट्री पर प्रदर्शन किया गया।

उदयपुर देहात जिला कांग्रेस प्रवक्ता डॉ संजीव राजपुरोहित ने बताया कि अलवर में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली द्वारा भगवान श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में श्रद्धा और आस्था के साथ की गई पूजा अर्चना के बाद भाजपा नेता पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा द्वारा मंदिर को गंगाजल से धोने और नेता प्रतिपक्ष पर निम्न स्तरीय टिप्पणी करने के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मंगलवार दोपहर जिलाधीश कार्यालय के सामने उदयपुर शहर एवं उदयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा संयुक्त रूप से विरोध प्रदर्शन किया गया।

कांग्रेसजनों ने यहां पर नारेबाजी करते हुए कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में अंतर साफ हो गया है। कांग्रेसजनों ने कहा कि जूली को लेकर भाजपा के पूर्व विधायक ने जो किया है उससे साफ है कि भाजपा दलित विरोधी है,भाजपा का चेहरा सामने आ गया है।

कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कलेक्टरी के बाहर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। उन्होंने राज्य की भाजपा सरकार और ज्ञानदेव आहूजा के खिलाफ नारेबाजी की।

इस दौरान उन्होंने सरकार को निशाने पर लिया और आहूजा का पुतला भी फूंका। मीडिया से बातचीत में पार्टी के शहर और देहात कांग्रेस जिलाध्यक्ष और वरिष्ठ नेताओं ने सरकार से इस्तीफे की मांग की।

दुष्कर्म का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। सीए के खिलाफ शादी का झांसा देकर पीडिता के साथ दुष्कर्म करने का मामला पुलिस ने दर्ज किया।जानकारी के अनुसार पीडिता ने आरोपी सीए विप्लव कालरा पुत्र सतवीर कालरा निवासी गुरू अर्जन नगर सेक्टर 11 के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडिता ने बताया कि आरोपी से संपर्क होने पर नजदीकियां बढी थी। इस दौरान आरोपी ने मुझे शादी करने की बात कहते हुए मेरे साथ 15 जून 24 से 7 अप्रेल 25 तक मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाए। गत दिनों शादी करने की बात कहने पर टालमटोल शुरू कर दिया तथा अंत में शादी करने से इनकार कर दिया। मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच बडगांव थानाधिकारी पूरणसिंह राजपुरोहित को सौंपी है।

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांक : F 7 (12) PLAN/ LANDUSE/2024-25/400 दिनांक : 6/3/2025

आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा गुलाब कोठारी बनाम राजस्थान सरकार एवं अन्य सिविल रिट संख्या 1554/2004 में माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर के द्वारा पारित निर्णय के क्रम में सरकार के विभागीय आदेश दिनांक 20-07-2017 के अनुसार एवं राज्य सरकार के द्वारा समय-समय पर वृहद/व्यापक जनहित के दृष्टिगत मास्टर प्लान में भू-उपयोग परिवर्तन अनुज्ञये किये जाने के संबंध में प्रदत्त आदेशों/परिपत्रों की अनुपालना में निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम /योजना	खसरा संख्या /ब्लॉक संख्या	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल	भूखण्ड/भूमि की स्थिति	भू-उपयोग परिवर्तन
1	श्री हिम्मत सिंह पंवार पिता श्री पहाड़ सिंह पंवार एवं श्रीमती लक्ष्मी कुंवर पत्नी श्री गणपत सिंह पंवार	अम्बेरी	1268 मीन, 1269 मीन, 2950/1266, 2951/1269,	01 एवं 01	9635.00 वर्गफीट	अम्बेरी चौराहे से चिरावा जाने वाली 200 फीट सडक पर श्रीराम मार्बल के समीप स्थित है।	औद्योगिक उपयोग से होटल (पर्यटन इकाई) प्रयोजनार्थ

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध मे यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

आयुष मंत्रालय
भारत सरकार

विदेशी विश्वविद्यालयों में आयुर्वेद और यूनानी पीठों की प्रतिनियुक्ति

आयुष मंत्रालय, भारत सरकार विदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में आयुर्वेद और यूनानी चिकित्सा पद्धित पर पीठ स्थापित करने का प्रस्ताव करता है।

2. आयुर्वेद और यूनानी चेयर के लिए पात्र भारतीय उम्मीदवारों से निर्धारित प्रारूप में पूर्णकालिक निश्चित अवधि के अनुबंध के आधार पर एक वर्ष के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते है। सभी चेयर के लिए एक आवेदन पर्याप्त है। चयनित पदधारी को शैक्षिणक वर्ष 2025-26 के दौरान संबंधित चेयर में प्रतिनियुक्त किया जा सकता है।

3. आवेदन का प्रारूप, तथा आयुष चेयर के लिए विस्तृत दिशानिर्देश, जिसमें आयुष चेयर के उद्देश्य और परिणाम, अपेक्षित परिणाम, पात्रता मानदंड आदि का उल्लेख है, मंत्रालय की वेबसाइट http://ayush.gov.in/ पर उपलब्ध है।

4. चेयर के लिए पूरा आवेदन पत्र विज्ञापन के 30 दिनों के भीतर उचित माध्यम से श्री जैनुल अबादीन, अवर सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के पास पहुंच जाना चाहिए। पताः कमरा नंबर 111, आयुष भवन, बी ब्लॉक, जीपीओ कॉम्प्लेक्स, आईएनए, नई दिल्ली 110023 (भारत)।

5. केवल योग्य उम्मीदवारों को ही साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। द्वितीय श्रेणी एसी किराया प्रतिपूर्ति किया जाएगा।

CBC 17201/11/0001/2526

मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए परीक्षण

उदयपुर, (कासं)।सांसद डॉ मन्नालाल रावत की मांग पर केंद्रीय स्वास्थ्य मन्त्रालय द्वारा सलूम्बर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए परीक्षण करवाया जा रहा है। सांसद डॉ रावत ने पिछले दिनों इस संबंध में पत्र लिखा था जिस पर परीक्षण करवाया जा रहा है। सांसद डॉ रावत ने केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को लिखे पत्र में बताया कि उदयपुर लोकसभा क्षेत्र में उदयपुर जिले से अलग होकर नया जिला सलूम्बर बना है। यह नवनिर्मित जिला पूर्णतया जनजाति बाहुल्य क्षेत्र है, जहां अभी तक एक भी मेडिकल कॉलेज संचालित नहीं है, जिसके अभाव में क्षेत्र के निवासियों को मेडिकल शिक्षा एवं बेहतर चिकित्सकीय सुविधा के लिए अन्य जिलों में जाना पडता है। केन्द्र सरकार की नीति एक जिला-एक मेडिकल कॉलेज के अनुरूप प्रत्येक जिले में एक मेडिकल कॉलेज खोला जाना प्रस्तावित है। यदि सलूम्बर जिले में मेडिकल कॉलेज खुलता है तो यहां के लोगों को बेहतर चिकित्सकीय सुविधा प्राप्त होगी तथा युवाओं को मेडिकल शिक्षा स्थानीय स्तर पर ही प्राप्त हो सकेगी इस पत्र पर नड्डा ने जानकारी दी है कि सलूंबर में भी मेडिकल कॉलेज के लिए परीक्षण करवाया जा रहा है।

हीट वेव से बचाव के उपायों के प्रति करें जागरूक : नमित मेहता

उदयपुर, (कासं)। गर्मी के बढ़ते प्रकोप और जिले में चल रही हीट वेव को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिला कलेक्टर नमित मेहता ने मंगलवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों की कलेक्ट्रेट मिनी सभागार में बैठक लेते हुए आवश्यक बंदोबस्त सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक कार्यालयों में छाया, पीने के पानी और ठंडक के समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए

■ **पशुपालन विभाग की मंगला पशु बीमा योजना की धीमी प्रगति पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी**

जाएं, ताकि आमजन लू की चपेट में आने से बच सकें।

उन्होंने निर्देश दिए कि समाचार पत्रों एवं विभिन्न मीडिया माध्यमों के जरिए मौसम विभाग द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान का नियमित अवलोकन करते रहें, और डिहाइड्रेशन से बचाव हेतु जरूरी व्यवस्थाएं की जाएं। सीधी धूप से बचाव हेतु आवश्यकतानुसार एसेसरीज उपयोग की जाए। सभी सरकारी कार्यालयों में प्राथमिक उपचार

विभिन्न विभागों के अधिकारियों की कलेक्ट्रेट मिनी सभागार में बैठक लेते जिला कलक्टर नमित मेहता।

किट की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और हीट वेव से बचाव को लेकर एडवाइजरी भी जारी की जाए। कलेक्टर ने लोगों को ज्यादा से ज्यादा मात्रा में तरल पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी और सभी विभागों को निर्देश दिए कि अपने-अपने स्तर पर बैठकें कर अधीनस्थ कर्मचारियों को हीट वेव से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करें।

जिला कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि आमजन की सुरक्षा को लेकर कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट के मिनी सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जिला कलेक्टर नमित मेहता ने विभिन्न विभागों की कार्यप्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने आयुर्वेद विभाग के रिक्त पदों, ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या और विभागीय कार्यों की विस्तार से जानकारी ली।

पशुपालन विभाग की मंगला पशु बीमा योजना की धीमी प्रगति पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए कहा कि मेडिकल प्रमाण पत्र जारी करने में अपेक्षित गति नहीं दिखाई जा रही है, जिसे शीघ्र सुधारते हुए तय लक्ष्य को समय पर पूरा किया जाए। कलेक्टर मेहता ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए साथ ही ई-श्रम कार्ड जारी करने में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर उन्होंने श्रम विभाग को विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि एक्शन प्लान बनाकर आगामी एक सप्ताह में ठोस प्रगति सुनिश्चित करें, ताकि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर आमजन तक पहुंच सके। इस दौरान एडीएम प्रशासन दीपेंद्र सिंह राठौड़ समेत विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा, कोटडा जिला उदयपुर (राज.)

फोन नं.294006 (E-Mail-cbeokotra@gmail.com)

क्रमांकः-सीबीईओ/समसा/कोटडा/फा-निविदा/2025-26/389 दिनांकः-07.04.2025

खुली निविदा सूचना

स्थानीय कार्यालय के समग्र शिक्षा एवं स्टार्स तथा अन्य सभी वर्ष 2025-26 में आयोजित होने वाले विभिन्न शिक्षक प्रशिक्षण शिविरों में भोजन व्यवस्था, बैठक व्यवस्था करवाने हेतु वाणिज्य कर विभाग से पंजीकृत फर्मो/प्रतिष्ठान से निम्न विवरण के अनुसार (प्रथम तकनीकी प्रस्ताव का लिफाफा एवं द्वितीय वित्तीय प्रस्ताव का लिफाफा) सील बंद निविदांएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित जानकारी ऑनलाईन https:sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध है व कार्यालय से 200 रू. जमा कर आवेदन प्राप्त करें। दिनांक 07.04.2025 से 15.04.2025 तक ऑनलाईन/ऑफलाईन पर आवेदन किया जा सकेगा। अन्तिम तिथि 15.04.2025 को प्रातः 10.00 बजे तक रहेगी। एवं खोलने की तिथि 15.04.2025 को सायं 2.00 बजे तक रहेगी।

क्र.स.	वर्ष 2025-26 में आपूर्ति की विषय वस्तु	अनुमानित लागत	यूबीएन नं.
1	भोजन एवं केटरिंग व्यवस्था	7.50 लाख रू.	EED2526GSOB00004
2	टेन्ट व बैठक व्यवस्था	3.50 लाख रू.	EED2526GSOB00005

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
समग्र शिक्षा कोटडा